बालशुक श्रीराधेजी महाराज

!! मंगल प्रार्थना !! पं श्रीराधे जोशी !!

वर्णानामर्थसंघानां रसानां छन्दसामपि।
मंगलानां च कर्त्तारौ वन्दे वाणीविनायकौ॥

कर कंकण केश जटा मुकुटम् , मणि माणिक मौक्तिक आभरणम्

गज नील गजेन्द्र गणादि पथिम् , मम तुष्ट विनायक हस्ति मुखम् ॥

तम्बूल पैत आननं, कपूर सोहे पाननं ।
चढ़ात लेख भाभिनी, शरीर ईस कामिनी ॥
निथेर आड संदियं, गुलाल कीन विदीयं ।
लगाय ठीक अन्जनं, सुसोहे नैन कंजनं ॥

सुधा पियास बिम्लवास अग्न रूप जोगिनी ।
सुरा जटाकटा कलाय कामधेतु धोगनी ॥
कराल केस नेस बाल भूत चक्र भंजनी ।
भजो श्रीमात हिंगलाज निरम्मला निरंजना ॥

भवभय हारिणी कष्ट निवारिणी , शरणागत दो नमो नमः ।
शिव भामिनी साधक मन हारिणी , हरसिद्धि शक्ति नमो नमः ।

शक्तिस्वरूपां धनबुद्धिदात्रीं ,गौसेविकां त्वां च पितामहीं त्वाम् !
दूर्गांशिमानां कुलसुंदरीं त्वां,सतीस्वरूपां प्रणमामि नित्यं !!

तुम तो अपार मैया , सागर मई शान्त ,
धुली में पड़ा में दूर छोटा सा फुंवारा हूँ ।
चाहे मिलन किहै , जो स्पंधन अबाध्य गति मेरी ,
नही एक आद्य पलखा पथिका पड़ा हारा हु ॥
अखर समुझ मुझे गोद में बिठालो माँ ।
दोषी हूँ मनुज पर तनुज तुम्हारा हूँ ॥

सुण्डाळा दुख भंजना, सदा जो बालक भेष।
सारू_याँ पैलां सिंवरियाँ , गौरीनन्द गणेश ।।

गजानंद महाराज पधारो, पूजन की तैयारी है ।
आओ आओ बेगा आओ, चाव दरस को भारी है॥

थे आवो ज़द काम बणेला, था पर म्हारी बाजी है ।
रणत भंवर गढ़ वाला सुणलो, चिन्ता म्हाने लागि है ।
देर करो मत ना तरसाओ, चरणा अरज ये म्हारी है ॥

गजानन्द महाराज पधारो..॥

रीद्धी सिद्धी संग आओ विनायक, देवों दरस थारा भगता ने ।
भोग लगावा ढोक लगावा, पुष्प चढ़ावा चरणा मे ।
गजानंद थारा हाथा मे, अब तो लाज हमारी है ॥

गजानन्द महाराज पधारो..॥

भगता की तो विनती सुनली, शिव सूत प्यारो आयो है ।
जय जयकार करो गणपति की, म्हारो मन हर्शायो है ।
बरसेंगा अब रस कीर्तन मे, भगतौ महिमा भारी है ॥

श्रीराधेजी भारद्वाज (हुकम जोशी)
(पण्डित कथावाचक)
ग्रा.दुलचासर बीकानेर .राज.
अध्ययन. मलुकपीठ गुरूकुल वृन्दावन
सम्पर्क सूत्र- 8769619655
sriRadheji Bhardwaj

असिताङ्गोरुरुश्चण्डः क्रोधश्चोन्मत्तभैरवः ।

कपालीभीषणश्चैव संहारश्चाष्टभैरवम् ॥

ॐ फणिधर फणिनाथो देव देवाधिनाथो,
क्षितिपति क्षितिनाथो वीर बेताल नाथो |
निधिपति निधिनाथो योगिनी योगनाथो,
जयति बटुक नाथः सिद्धि दः साधकानाम ॥

वन्दे बाल विपातराशिं कुंडलोद सदासिव वत्र,
दिव्या कर्नवमणि भये किंकणी नुपुराढ्यम् ।
दिप्ताकारं विविधा बसनं सुप्रसन्न त्रिनेत्रं,
हस्ताब्य्याभ्यां बटुक मनिश शुनदडौ दधीनाग ।।

रक्ताम्बरं ज्वलनपिंग जटाकलापा ,
ज्वालवली कुटिल चन्द्रधर प्रचंडन ।
बाला कोटि फलकां चनवापुवर्ण ,
देवीसुतं बटुक नाथमहं नमामी ।।

बाबो लट लटियालो पट पटियालो घुघर बाजे छमाक छम ।
छिं-छिं छम छि छि छम किरि किरि धमाक धम ।।
बाबो प्याला पीवे नशा जमावे भुतो में जावे सर्ण सर्ण ।
छिं-छिं छम छि छि छम किरि किरि धमाक धम ।।
बाबो बुटियों पीवें नशा जमावें, पापियों ने फेंकें फर्ण फर्ण ।
छिं-छिं छम छि छि छम किरि किरि धमाक धम ।।
ऐ बावन भेरू चौसठ योगनि नृत्य करते है छमाक छम ।
छिं-छिं छम छि छि छम किरि किरि धमाक धम ।।
बाबो (भैरव) भक्तो ने सदा सुवायो राखो बाबा म्हे थोरा चेला रेवो हरदम।
बाबा थोरी पुजा में रेवो हरदम ।
छिं-छिं छम छि छि छम किरि किरि धमाक धम ।।

ॐ ह्रीं बटुकाय
आपदुद्धारणाय कुरु कुरु
बटुकाय ह्रीं ॐ।

बालशुक श्रीराधेजी महाराज

॥ अष्टभैरव ध्यानम् ॥

असिताङ्गोरुरुश्चण्डः क्रोधश्चोन्मत्तभैरवः ।

कपालीभीषणश्चैव संहारश्चाष्टभैरवम् ॥

जय भैरव देवा, प्रभु जय भैरव देवा ।
जय काली और गौर देवी कृत सेवा ॥
जय भैरव देवा...

तुम्ही पाप उद्धारक दुःख सिन्धु तारक ।
भक्तो के सुख कारक भीषण वपु धारक ॥
जय भैरव देवा...

वाहन श्वान विराजत कर त्रिशूल धारी ।
महिमा अमित तुम्हारी जय जय भयहारी ॥
जय भैरव देवा...

तुम बिन देवा सेवा सफल नहीं होवे ।
चौमुख दीपक दर्शन दुःख खोवे ॥
जय भैरव देवा...

तेल चटकी दधि मिश्रित भाषावाली तेरी ।
कृपा कीजिये भैरव, करिए नहीं देरी ॥
जय भैरव देवा...

पाँव घुँघरू बाजत अरु डमरू दम्कावत ।
बटुकनाथ बन बालक जल मन हरषावत ॥
जय भैरव देवा...

बटुकनाथ जी की आरती जो कोई नर गावे ।
कहे धरनी धर नर मनवांछित फल पावे ॥
जय भैरव देवा...

ॐ ह्रीं बटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु बटुकाय ह्रीं ॐ।

||प्रार्थना||

रिद्धि दे सिद्धि दे अष्ट नव निधि दे वंश में वृद्धि दे वाकवानी।
हृदय में ज्ञान दे चित्त में ध्यान दे अभय वरदान दे शम्भूरानी ।।
दुःखों को दूर कर सुख भरपूर कर आशा सम्पूर्ण कर दास जानी।
सज्ज्ञन सूं मीत दे कुटम्ब सूं प्रीत दे जग में जीत दे मां भवानी ।।

||कुलदेवी भोग स्तुति||

मैया दीज्यो ए प्रसादी हाथ बढ़ाए२, बाहर उभा टाबरिया।

म्हें हां थारा टाबर मैया तू हैं म्हारी माय।
कुलदेवी चामुण्डा अम्बा , लुळ लुळ लागूं पाय ।।
अम्बा दीज्यो ए२. चरणामृत अमृत दान ।।1।।

आत्मनः कुलदेवता

चरणामृत चरणा को दीज्यो केसर चन्दन साथ।
दूध पतासा मिश्री दीज्यो मीठा रहसी हाथ ।।
अम्बा दीज्यो ए२ मेवा रां भर भर थाळ ।।2।।

अन्न धन रा भंडार भरज्यो लक्ष्मी दीज्यो अपार।
सभी रकम री वस्तु मैया घर में दीज्यो बसाय ।।
अम्बा दीज्यो ए२. सोने रो नोसर हार ।।3।।

थारी चरणा री भक्ति दीज्यो चोखो दीज्यो ज्ञान।
भरी सभा पंचा में मैया म्हारो रखज्यो मान ।।
मैया दीज्यो ए२. नैणा री ज्योत अपार ।।4।।

टाबरिया ने गोद झडूलो देय बुलाइज्यो आप।
अत्रिदास शरण में थारी भूल करिज्यो माफ।।
मैया दीज्यो ए२. सेवा भक्ति रो सार ।।

||स्तुति ||

शैल सुतानों में वेद पुराणों में ध्यान धर्या दुःख को धरती हो ।
जब भक्तन पर भीड़ पड़े माँ अष्टभुजा बल से हरति हो ।।
लाल ध्वजा शिर छत्र विराजत सिंह चढ़े वन में फिरती हो ।
मेरी बेर यूँ देर भई जगदम्ब विलम्ब कँहा करती हो ।।

!! मंगल प्रार्थना !! पं श्रीराधे जोशी !!

।।दोहा।।
उठता पैलां आवड़ा,माजी थारौ नाम।
निसरै मुख सूं करनला, अवनी आठों याम।।

ओ थाने विनती करूं बारंबार ।
जगदम्बा म्हारी अरज सुनो ।।
ओ अरज सुनो ए मैया विनती सुनो । थाने विनती... ।।

बीकाजी ने वचन दीनो माँ , गड रे नीम लगाई ।
देशनोक में भवन चीणायो,
बिकाणो नगर बसाए ।।
थाने विनती ...

शेखोजी मुल्तान कैद में, घर बाई रो ब्याव ।
बनके सव्वली पकड़ पंजा में, फेरा सूं पेली रे पोंचाय ।।
थाने विनती...

गंगासिंहजी रे रही मदद में, अंग्रेजों की मांई ।
अंग्रेजों ने कुबद कमाई, सूतोड़ा सिंह ने जगाई ।।
थाने विनती...

सिंह गरज कर आयो भूप पर, हाथ लई तलवार ।
मेहर भई करणी मां थारी, सिंगडा ने चीर भगाय ।।
थाने विनती...

गांव सियाणो जात ब्राहमण, दलुराम जस गाय ।
निज भक्तां पर कृपा कर ज्यो, देशनोक वाळी माय ।।
थाने विनती ...

।। दोहा ।।
सुख देणो दुःख मेटणो , माँ करणी रो नाम ।
चरण शरण दे चरणी , बार बार प्रणाम ।।

बालशुक श्रीराधेजी महाराज

ॐ हं हनुमते नमः

झालर शंख नगाड़ा बाजे रे ।
सालासर रे मंदिर में ।।

भारत राजस्थान में, सालासर एक गाँव ।
सूरज सामे बण्यो देवरो, बालाजी रो धाम ।।
ज्लाल धजा लहरावे ।।

नारेळा री गिणती कोनी, सुमिरण छत्र अपार ।
दूर देशा सूं आवे यात्री आवे नर और नार ।।
बाबो बेड़ा पार लगावे रे ।।

चेत सुदी पूनम रो मेलो, भीड़ लगे अति भारी ।
नर नारी थारा दर्शन करवा, आवे बारी बारी ।।
बाबो अटकीय कारज सारे रे ।।

रामदूत अंजनी के लाला, धरो हमेशा ध्यान ।
सेन सिंह शरणा रो साकर, दो भक्ति वरदान,
थारे हाथ जोडोला लागे रे ।।

।। सिद्ध मंत्र ।।

ॐ नमो हनुमते-रूद्रावताराय परयन्त्र-मन्त्र-तन्त्र-त्राटक नाशकाय
सर्वज्वर च-छेदकाय सर्वव्याधि-निकृन्तकाय सर्वभय-प्रशमनाय
सर्वदुष्ट-मुख-स्थम्भनाय सर्वकार्य- सिद्धि-प्रदाय रामदूताय स्वाहा ।।

विशेष :- इस मंत्र को किसी एकान्त में बैठकर या पंच मुखी हनुमान प्रतिमा आगे बैठकर 41 दिन जपने से सर्व दुःख दूर होते हैं।

सुग्रीव मित्रं परम् पवित्रं सीताकलत्रं नवमेघगात्रं ।
कारुण्य पात्रं शतपत्रनेत्रं श्रीराम चन्द्रं सततं नमामि ।।

-: भांगड़ली :-

भोलानाथ अमली, शिवशंकरअमली, जटाधारी अमली,
बागां बिच भांगड़ली बुहाय राखूंली।।रे छणाय राखूंली
रत्न कटोरे विजिया हाजिर राखूंली....... भोलानाथ
कांई बोऊँ काशीजी में कांई जी प्रयाग।
कांई बोऊँ हरकी पेड़ी कांई जी कैलाश।। भोलानाथ
काशीजी में केशर बोऊँ चन्दन प्रयाग।
हर की पेड़ी विजिया बोऊँ धतुरो कैलाश।। भोलानाथ
कांई मांगे नांदियोजी कांई जी गणेश।
कांई मांगे भोलो शम्भु जोगियां को भेष।। भोलानाथ
दुर्बा मांगे नांदियोजी मोदक गणेश।
विजिया मांगे भोलो शम्भू जोगियां को भेष।। भोलानाथ
घोटे घोटे नांदियोजी छाणत गणेश।
भरभर प्याला देवे गवरजा पीवे जी महेश।। भोलानाथ
आकड़े की रोटी पोऊँ धतुरे को साग।
विजिया की तरकारी छमकूँ जीमो भोलानाथ।। भोलानाथ
चन्दन चढ़ाऊँ कमल चढ़ाऊँ ओर चढ़ाऊँ बेल।
धतुरे को फूल चढ़ाऊँ गंगाजी को नीर।। भोलानाथ
नाचे नाचे नांदियोजी नाचे जी गणेश।
नाचे म्हारो भोलोशम्भू जोगियां को भेष।। भोलानाथ
निर्धनियां तो धनड़ो मांगे राजा मांगे रूप।
कुष्टी मांगे निर्मल काया बाँझ मांगे पूत।। भोलानाथ
निर्धनियां न धनड़ो देव राजा न देव रूप।
कुष्टी न देव निर्मल काया बाँझ न देव पूत।। भोलानाथ
आगे आगे नांदियो लारे रे गणेश।
बीच बिचाले चले गवरजा जोगिणीं को भेष।। भोलानाथ
काख में तो झोली डंडा हाथ में त्रिशूल।
नन्दी की असवारी सोहे नशे में भरपूर।। भोलानाथ
कैलाश पर्वत तपे महादेव नन्दियो चेलो साथ।
भक्तसभी भगवान से मांगे भक्तिज्ञान वैराग्य।। भोलानाथ
भांगड़ली जो गाव बांरो घर है कैलाश।
ऊँचा ऊँचा महल मालिया बेकुंठा में वास।। भोलानाथ

।। भजन ।।

डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा,
डम डम डमरू बजाना होगा,
माँ गोरा संग गणपति जी को लाना होगा,
डमरू वाले बाबा तुझको आना होगा,
डम डम डमरू बजाना होगा।।टेर।।
सावन के महीने में काँवड़ लेके आयेंगे-२
पावन गंगा जल से बाबा तुझको नहलायेगें,
कावड़ियो को पार लगाना होगा, डम डम डमरू.... ।।१।।
भांग धतुरा दूध बाबा तुमपे चढ़ायेगें,
केशरिया चंदन से बाबा तिलक लगायेंगे,
भगतो का कष्ट मिटाना होगा, डम डम डमरू........ ।।२।।
तुम तो भोले दानी बाबा, जग से निराला है,
हाथों में त्रिशूल गल सर्पो का माला है,
नान्दिये पर चढ़कर आना होगा, डम डम डमरू........ ।।३।।
जैसा भी रखोगे बाबा वैसा ही मंजूर है,
तेरी दया तो बाबा पाना भी जरूर है,
भगतों को गले से लगाना होगा, डम डम डमरू........ ।।४।।
माँ गोरां संग गणपति जी को लाना होगा,
डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा।।

!! मंगल प्रार्थना !! पं श्रीराधे जोशी !!

ॐ नमो गुरूभ्यो गुरू पादुकाभ्यां , नमः परेम्य पर पादुकाभ्यां ॥
आचार्य सिद्धेश्वर पादुकाभ्यो, नमो नमः श्री गुरुपादुकाभ्यां ॥

॥ महर्षि गौतम आरती ॥

ओम जय गौतम त्राता, स्वामी जय गौतम त्राता ।
ऋषिवर पूज्य हमारे मुद मंगल दाता ॥ ॐ जय गौतम...

द्विज कमल दिवाकर, परम् न्यायकारी ।
जन कल्याण करन हित, न्याय रच्यो भारी ॥1॥ ॐ जय गौतम...
पिप्पलाद सूत बाहर, तुम्हें शिष्य भये ।
वेद शास्त्र दर्शन में पूरन कुशल भये ॥2॥ ॐ जय गौतम...

गुर्जर करण विनय पर,तुम पुष्कर आये।
सभी शिष्य सूत गण को, तुम संग में लाये ॥3॥ ॐ जय गौतम....

अनावृष्टि से देख्यो, संकट आय परयो ।
भगवन आप दया करि सब को कष्ट हरयो ॥4॥ ॐ जय गौतम...

पुत्र प्राप्ति के कारण, नृप के यज्ञ कियो ।
यज्ञ देव आशीष से, सुतको जनम भयो ॥5॥ ॐ जय गौतम...

भूप मनोरथ पुरयो, चिंता दूर करी ।
प्रेत राज पामर की, निर्मल देह करी ॥6॥ ॐ जय गौतम...

अक्षपाद गौतम की आरती जो कोई गावे ।
ऋषि की पूर्ण कृपा से, मन वांछित फल पावे ॥ 7 ॥ ॐ जय गौतम....

॥ आरती श्री गायत्री माता ॥

जय गायत्री माता , मैया जय सावित्री माता ।
वेद जननि वेदात्मा, विद्या विख्याता ।। गायत्री ।

रक्तवर्ण शुभ प्रातः ब्रह्मा रूपधरा ।
हंसारूढ़ा भुजमुख चार चारु अपरा ।। गायत्री ।।

मध्यान्हे हरि रूपा नीलवर्ण शुभदा ।
गरूड़वाहिनी चतुरा, चतुर्बाहु सुखदा ।। गायत्री ।।

सायं वृषभारूढ़ा, शिवरूपा श्वेता ।
सूर्यकोटि सम आभा चतुर्भुजोपेता ।। गायत्री ।।

पंचमुखा दशहस्ता , शुचि रस-रस-नयना ।
स्फटिक समुज्ज्वंलवर्णा, कल करूणा अयना ।। गायत्री ।।

अघहारिणि भवतारिणि सुखकारिणि परमा ।
ब्रह्माणी, रूद्राणी, शुभलक्षणा रमा ।। गायत्री ।।

दुरित दुःख दुर्गति सब, दुर्मति दूर करो ।
शुचितम मम उरमें मां, विमला भक्ति भरो ।। गायत्री ।।

माँ गायत्री जी की आरती, जो कोई नर गावे ।
कहत ब्रह्मादिक ऋषिमुनि , ब्रह्मतेज पावे ।। गायत्री ।।

बालशक श्रीराधेजी महाराज

।।श्री भागवत जी की आरती।।

श्री भागवत मुगत की दाता, जगत की माता, भवसागर की नौका है जी।
श्री राम मिलन का मौका है जी, श्री कृष्ण मिलन का मौका है जी।।टेर।।
क्षीर सागर में सुता रधुनंदन नाभि से कमल उपजायों हैं जी।
कमल उपजाय ब्रह्माजी ने भेज्या, ब्रह्मा श्रुष्टि रचायी है जी।।श्री।।
ब्रह्मा बीज दीयो नारद को, नारद वृक्ष लगायो है जी।
वेद व्यास जी करी पालना, शुकदेव जी प्रकट कीन्ही है जी।। श्री।।
श्री भागवत जी के द्वादश डाला, तीन सौ पैंतीस साखा है जी।
अठारह हजार बारें सांख्य योग कहीजे, ओर जो पत्र बिसेखा है जी।।श्री।।
पान पुष्प की गिनती नाही, सुखदेव जी लेखा लीनो है जी।
पान पान में अमृत बरसे, मुनियन के मन भायो है जी।। श्री।।
कहे राजा परिक्षित, सुनो सुकदेव जी, यह किन प्रकट देखी है जी।
जि बाँची तिन मोह बताओ, फिर नहीं पांवा मौका है जी।।श्री।।
कहे सुकदेव जी सुनो परीक्षित, गंगा के घाट बंचायी है जी।
गौकरण धुन्धकारी कारण, श्री भागवत सुनायों है जी।।श्री।।
ज्ञान वैराग्य भगती के पुत्र, जिनमें प्रकट देखी है जी।
सब मिलकर देवी देवता पधारे ऋृषि मूनि ध्यान लगायो है जी।।श्री।।
काम क्रोध मद लोभ छोंड दो, नहीं तो रोगे रीता है जी।
यही जन्म में पार उतर जावों भागवत ज्ञान अनोखा है जी।।श्री।।
बैठ विमान बैकुंठ सिधाये, हम भी पावें मौका है जी।
सुण राजा परीक्षित ध्यान लगायो, सुणी है सप्ताह गीता है जी।।श्री।।
अठ्ठयासी हजार मुनियन के माही सुकदेव जी बांच सुनायी है जी।
सात दिन न बिच मुक्ति पायी, तुरन्त सिंघासन आयो है जी।।श्री।।
हाथ जोड़ कर करी रे बिनती, चरणो में शीश नवायो है जी।
बैठ विमान बैकुण्ठ पधारो, पुष्पन मेह बरसायो है जी।।श्री।।
सुनी भागवत नर और नारी, वो ही बैकुण्ठ सिधायो है जी।
कृपा करो श्री कृष्ण मुरारी हमे भी पांवा मुक्ति है जी।।श्री।।
श्री भागवत मुगत की दाता, जगत की माता, भवसागर की नौका है जी।
श्री मिलन की नौका है जी, श्री कृष्ण की मिलन का मौका है जी।।

यं ब्रह्मा वरुणेन्द्ररुद्रमरुतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवैः।
वेंदैः साङ्गपदक्रमोपनिषदैर्गायन्ति यं सामगाः ।।
ध्यानावस्थिततद्गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो ।
यस्यान्तं न विदुः सुरासुरगणा देवाय तस्मै नमः ।।

!! ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे !! !! मानाशक्त्यै नमः !!

|| कुलदेवी माता की आरती ||

ॐ जय चामुण्डा माता, मैया जय चामुण्डा माता ।
कुलदेवी कुलपालनी ,कुल रक्षक दाता ॥ ॐ जय चामुण्डा....
१

कांगड़ा देवास लौद्रवा, कोलासर राजे ।
शक्तिदादी के संग में, कोटासर साजे ॥ ॐ जय चामुण्डा...२

ऐं शारदा बीजा, ह्रीं रमा रूपा ।
क्लीं कालिका वर्णी, तीनों चामुण्डा रूपा ॥ ॐ जय
चामुण्डा...३

सिंह सवारी सोहे, चतुर्भुजा धारी ।
सूर्यमणि सम आभा, विश्व भवन वारी ॥ ॐ जय चामुण्डा...४

भरद्वाज कुल अम्बा , चण्ड मुण्ड मारे ।
सुर नर नारी ऋषिजन, सबके कष्ट हरे ॥ ॐ जय चामुण्डा...५

नवलख शक्तिसेना , अगवाणी भैरूं ।
छमछम नृत्य करन्ता, बाजे शंख डैरूं ॥ ॐ जय चामुण्डा...६

माँ चामुण्डा की आरती, जो कोई नित गावे ।
रचना कीन्ही श्रीराधे , षट कीर्ति पावे ॥ ॐ जय चामुण्डा...७

रचियता श्रीराधे जोशी

—: शिवपूजन के लिये विशेष तथ्य :—

कामना भेद से रुद्राभिषेक द्रव्य

१. जल से अभिषेक करने पर शीघ्र ही वृष्टि होती है, एवं ज्वर भी शान्त होता है।
२. कुशोदक से अभिषेक करने पर व्याधियों का शमन होता है।
३. दधि से अभिषेक करने पर पशु आदि की प्राप्ति होती है।
४. गन्ने के रस से अभिषेक करने पर लक्ष्मी की सिद्धि प्राप्त होती है।
५. मधु से अभिषेक करने पर धन की प्राप्ति होती है।
६. तीर्थ के जल से अभिषेक करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।
७. दूध से अभिषेक करने पर शीघ्र ही पुत्रकी प्राप्ति होती है, और प्रमेहरोग भी नष्ट होता है।
८. घी की धारा से सहस्र नामों से अभिषेक करने पर वंश का विस्तार होता है।
९. शर्करा मिश्रितदूध से अभिषेक करने पर जडबुद्धि भी श्रेष्ठबुद्धि में परिवर्तित हो जाती है।
१०. सर्षों के तेल से अभिषेक करने पर शत्रुओं का शमन होता है।
११. शिवजी का अभिषेक गो शृङ्ग से करना चाहिये (शिवं गवयशृङ्गेण)।
१२. शिवजी के अभिषेक के लिये यजुर्वेदोक्त रुद्री प्रशस्त मानी गयी है।
१३. पवित्र मनुष्य सदा ही उत्तराभिमुख होकर शिवार्चन करें।
१४. मृत्तिका, भस्म, गोबर, आटा, ताँबा और कांस का शिवलिङ्ग बानाकर जो मनुष्य एकबार भी पूजन करता है वह अयुतकल्प तक स्वर्ग में वास करता है।
१५. नौ, आठ, और सात अँगुल का शिवलिङ्ग उत्तम होता है। तीन, छः, पाँच अथवा चार अँगुल का शिवलिङ्ग मध्यम होता है। तीन, दो, और एक अँगुल का शिवलिङ्ग कनिष्ठ होता है। इस प्रकार यथा क्रम से चर प्रतिष्ठित शिवलिङ्ग नौ प्रकार का कहा गया है।
१६. शूद्र, जिसका उपनयन सँस्कार नहीं हुआ है, स्त्री और पतित ये लोग केशव या शिव का स्पर्श करते हैं तो नरक प्राप्त करते हैं। **(स्कन्द पुराण)**
१७. स्वयं प्रदुर्भूत बाणलिंग में, रत्नलिंग में, रसनिर्मित लिंग में और प्रतिष्ठित लिंग में चण्ड का अधिकार नहीं होता।
१८. जहाँ पर चण्डाधिकार होता है वहाँ पर मनुष्यों को उसका भोजन नहीं करना चाहिये। जहाँ चण्डाधिकार नहीं होता है वहाँ भक्ति से भोजन करें। **(नि.सि.पृ.सं.७२०)**
१९. पृथिवी, सुवर्ण, गौ, रत्न, ताँबा, चाँदी, वस्त्रादि को छोड़कर चण्डेश के लिये निवेदन करें। अन्य अन्न आदि, जल, ताम्बूल, गन्ध और पुष्प, भगवान् शङ्कर को निवेदित किया हुआ सब चण्डेश को दे देना चाहिये। **(नि.सि.पृ.सं.७१९)**
२०. विल्वपत्र तीनदिन और कमल पाँच दिन वासी नहीं होता और तुलसी वासी नहीं होती। **(नि.सि.पृ.सं.७१८)**
२१. अँगुष्ठ, मध्यमा और अनामिका से पुष्प चढ़ाना चाहिये एवं अँगुष्ठ–तर्जनी से निर्माल्य को हटाना चाहिये।

बिना सदाशिवम् यो हि संसारम् तर्तुमिच्छती।
स मूढो ही महापापी शिवद्वेषी न संशयः॥

नमः शिवाभ्यां नवयौवनाभ्याम्
परस्पराश्लिष्टवपुर्धराभ्याम् ।
नगेन्द्रकन्यावृषकेतनाभ्याम्
नमो नमः शङ्करपार्वतीभ्याम् ।।

बालशुक श्रीराधेजी महाराज

श्री दुर्गा चालीसा

नमो नमो दुर्गे सुख करनी । नमो नमो अम्बे दुखहरनी ।।
निरंकार है ज्योति तुम्हारी । तिहूँ लोक फैली उजियारी ।।
शशि लिलाट मुख महाविशाला । नेत्र लाल भृकुटी विकराला ।।
रुप मातु को अधिक सुहावे । दरश करत जन अति सुखपावे ।।
तुम संसार शक्ति लय कीना । पालन हेतु अन्न धन दीना ।।
अन्नपूर्णा हुई जग पाला । तुम ही आदि सुन्दरी बाला ।।
प्रलयकाल सब नाशन हारी । तुम गौरी शिव शंकर प्यारी ।।
शिव योगी तुम्हरे गुण गावें । ब्रह्मा विष्णु तुम्हें नित ध्यावें ।।
रुप सरस्वती को तुम धारा । दे सुबद्धि ऋषि मुनिन उबारा ।।
धरा रुप नरसिंह को अम्बा । परगट भई फाड़ कर खम्बा ।।
रक्षा करि प्रहलाद बचायो । हिरणाकुश को स्वर्ग पठायो ।।
लक्ष्मी रुप धरो जग माहीं । श्री नारायण अंग समाहीं ।।
क्षीरसिंधु में करत विलासा । दयासिंधु दीजै मन आसा ।।
हिंगलाज में तुम्हीं भवानी । महिमा अमित न जात बखानी ।।
मातंगी धूमावती माता । भुवनेश्वरि बगला सुख दाता ।।
श्री भैरव तारा जग तारिणी । छिन्न भाल भव दुःख निवारिणी ।।
केहरि वाहन सोह भवानी । लंगुर बीर चलत अगवानी ।।
कर में खप्पर खड़ग विराजै । जाको देख काल डर भाजै ।।
सोहै अस्त्र और त्रिशूला । जाते उठत शत्रु हिय शूला ।।
नगरकोट में तुम्हीं बिराजत । तिहूँ लोक में डंका बाजत ।।
शुम्भ निशुम्भ दानव तुम मारे । रक्त बीज शंखन संहारे ।।
महिषासुर नृप अति अभिमानी । जेहि अघ भार मही अकुलानी।।
रुप कराल काली को धारा । सेन सहित तुम तिहि संहारा ।।
परी गाढ़ सन्तन पर जब जब । भई सहाय मातु तुम तब तब ।।
अमर पुरी औरौं सब लोका । तब महिमा सब रहें अशोका ।।

ज्वाला में है ज्योति तुम्हारी । तुम्हें सदा पूजें नरनारी ।।
प्रेम भक्ति से जो जस गावे । दुःख दारिद्र निकट नहीं आवे ।।
ध्यावे तुम्हें जो नर मन लाई । जन्म मरण ताको छुटि जाई ।।
जोगी सुर–मुनि कहत पुकारी । योग न हो बिन शक्ति तुम्हारी ।।
शंकर आचारज तप कीनो । काम औ क्रोध जीति सब लीनो ।।
निशिदिन ध्यान धरो शंकर को । काहु काल नहि सुमिरो तुमको ।।
शक्ति रुप को मरम न पायो । शक्ति गई तब मन पछितायो ।।
शरणागत हुई कीर्ति बखानी । जय जय जय जगदंब भवानी ।।
भई प्रसन्न आदि जगदंबा । दई शक्ति नहीं कीन विलंबा ।।
मोको मातु कष्ट अति घेरो । तुम बिन कौन हरे दुःख मेरो ।।
आशा तृष्णा निपट सतावे । मोह मदादिक सब बिनशावें ।।
शत्रु नाश कीजे महारानी । सुमिरौ इकचित तुम्हें भवानी ।।
करो कृपा हे मातु दयाला । ऋद्धि सिद्धि दे करहु निहाला ।।
जब लगि जियौं दयाफल पाँऊ । तुम्हरौ जस मैं सदा सुनाऊँ ।।
दुर्गा चालीसा जो कोई गावैं । सब सुख भोग परम पद पावैं ।।
देवीदास शरण निज जानी । करहु कृपा जगदंबा भवानी ।।

||। शक्तिचामुण्डा नित्य स्तुति अमृतवाणी ।||

जय जय जय कुलदेवी माँ, शक्तिकृपा सुख धाम ।
सब की लज्जा राखिए, माँ कोटि कोटि प्रणाम ॥ 1

कर कमल बालक लिए , मस्तक मुकट अनूप ।
कर्ण कुंडल सिर चुन्दडी, शक्तिदादी रो रूप ॥ 2

आसोज शुक्ला सप्तमी, उत्सव भारी होए ।
दादी के दरबार से, खाली न जाए कोए ॥3

जोशी झुके माँ चरण में , धोके सातम ममाई ।
मन इच्छा पूर्ण करे, जय जय कोटणे री राई ॥ 4

आसोज नोरतां सप्तमी , उत्सव चंहु और ॥
लाल ध्वजा सिर छत्र विराजे, भगतां पर मेहर ॥5

धन्य कोटासर नगर हैं , पावन धाम अमित ।
कुल रखवाळी डोकरी ,करे जगत में जीत ॥6

कृपादृष्टि करो मैया , काया कष्ट अपार ।
दास आ गयो शरण में, दादी किज्यो नैया पार ॥7

दीन जाण दया करो, दीज्यो अन्न धन दान ।
प्रीत रहे कुटुम्ब संग, बल बुद्धि अरु ज्ञान ॥8

राधे रूप निहार के , रहत सदा आनन्द ।
शक्तिचामुण्डा तोहि मौ परे ,करहु कृपा सानन्द ॥9

शक्ति कोटासर धाम हैं ,कलजुग के अवतार ।
भलौ कीजौ भक्त को, माँ बिनती बारम्बार ॥10

शक्ति स्तुति करूँ सदा , जपुँ दादी रो नाम ।
मन इच्छा पूर्ण करो , कहत हुक्माराम ॥ 11

लेखक-श्रीराधे जोशी (हुकम)

||आरती||

ॐ जय श्रीशक्ति दादी,माँ जय श्रीशक्ति दादी ।

आप हो जग की माता,जगदम्बा आदि ||१|| ओम् जय...

कोटासर में विराजत,महिमा अति भारी ।

लाल चुंदड़ी सोहे,मूरत छबि प्यारी ||२|| ओम् जय...

जोशीकुल पर मैहर किन्ही,सब जग को तार्यो ।

जो कोई शरणे आयो,सकल काज सार्यो ||३|| ओम् जय...

प्रगट भई कलजुग में,ब्राह्मण कुल माई ।

वंश उज्ज्वल कीन्हो,कोटासर आई ||४|| ओम् जय...

कुलदेवी चामुंडा , संग भैंरव सोहे ।

चण्ड मुण्ड विनाशनी , दानव मति मोहे।।५।। ओम जय....

माना शक्तिदादी कि, जो महिमा नित वरणी ।

आरती आरत हरणी, सुख सम्पत्ति करणी ।।६।। ओम जय...

दादी शक्ति की आरती,जो कोई नर गावे ।

रचना किन्ही श्रीराधे,दु:ख दारिद जावे ||७|| ओम् जय...

बालशुक श्रीराधे

||दोहा||

श्रीगुरु गणपति शारदा,नमन् वीर हनुमान ।
सक्ति गुण वरणंन करुँ,दीज्यो भगती मोहे ज्ञान।।
निर्मल यश वरणंन करुँ,सक्ति दादी को आधार ।
उपाध्याय कुल में प्रकासिया,ज्यांरी महिमा अपरम्पार ॥

|| चौपाई||

हे सक्ति दादी भगत हितकारी । भगत जनन की प्राणान् प्यारी ॥1
काली दुर्गा रूप भवानी। चामुण्डा संग सक्ति महारानी ॥2
आदि अंत को पार न पाऊँ। मति अनुरूप सक्ति गुण गाउँ ॥3
चामुण्डा चण्ड मुण्ड संहारी । कुलदेवी माँ शरण तिहारी।।4
सक्ति से ब्रह्मा प्रकट भु करहि । पालन विष्णु सक्ति से सरहि।।5
शंकर सक्ति से करे संहारा। भई सक्ति जगत आधरा ॥6
भरद्वाज कुल ब्राह्मण जानी। ब्रह्मा मुख से प्रकट बखानी ॥7
जोशी वंश कुँ पावन कीन्हो। जनम उपाध्या कुल में लीन्हों ।8।
चामुण्डा चण्डी अवतारा। शक्ति सरूप जानत जग सारा ॥9
उपाध्याय वंश प्रगटी महतारी । मुख प्रसन माना अवतारी।।10
अद्भुत तेज मुख पर छाये। पितु जननी मन में हर्षाये ॥11
बाल पने में ध्यान लगावे। मात् पिता संग हरि गुण गावे।।12
मेघासर माँ पीहर बतायो। माना नाम मात धरायो।।13
मरुधर देश बीकाणे मांही । कोटासर जोशी घर ब्याही।।14
नगर कोटासर मंगलाचारा । गावे सुमंगल गीत अपारा।।15
जब से दादी कोटासर आई। नगर मंहु सुख सम्पत्ती छाई।।16
मात पिता गौ सेवा करती। कर प्रणाम भूमि पग धरती।।17
कुलदेवी चामुण्डा ध्यावै।धुप दिप दई भोग लगावै।।18
विधना की गति टारी ना जाये । पति परमेश् स्वर्ग सीधाये।।19
सात सतियों का सुमिरन कीन्हा । पुत्र हाथ ले तन तज दीन्हा।।20
पंद्रह सौ बावन गउ धामा। माना भयो सक्ति को नामा।।21
माता की ममता अधिकाई। देव रूप कुल तारण आई।।22
सक्ति दादी का रूप बणाया। नर नारी सब शरणे आया।।23
कोटासर में मंदिर सोवै । लाल ध्वजा गुमद् फेरावे।।24
मरुधर देश में धाम विराजे। झालर शंख नगारा बाजे।।25
कली काल में आप पधारे। परचा देहि सकंट सब टारे।।26
शक्ति कृपा सुरतरु की छाया । हरहि दरिद्र सुधरहिं काया।।27
कर में आपके बालक साजे। अपने जन के कारज साजे।।28
सुदी सातम् को मेला भारी । अशिवन मास की महिमा न्यारी।।29
चुड़ो चुंदड़ी मात चढ़ावे। अमर सुहाग की आशीष पावे।।30
प्रेम सहित जो पलना चढ़ावे । निपुत होई वो पूत खिलावे ॥31
थारी महिमा को पार ना पावे। जो ध्यावे इच्छित फल पावे।32।
दादी नाम की महिमा भारी। परचा लागे है अति प्यारी।।33
प्रथम करहिं कुलदेवी पूजा। धरेहि ध्यान सक्ति का दूजा।।34
सत् स्वरूप शक्ति महारानी। दर्शन करत हियें हर्षानी।।35
दुःख अनैक जगत में पाये। हम सब तेरी शरणे आये।।36
हम बालक तू मात हमारी। मेटो कुसंकट आरत भारी।।37
अनगिन रूप शक्ति भवानी। "राधेजोशी"चरित बखानी।।38
प्रेम सहित जो जपत चालीसा भुत प्रेत सब मिटेहि कलेशा।।39
भगत जोशी शरण में आयो। दादी चालीसा भण के गायो।।40.

|| दोहा||

जग में देवी जोशीणी,ध्याऊँ में दिन अरु रात।
कोटासर में आप विराजो,जोशीकुल री मात।।

रचयिता_बालशुक श्रीराधे

|| कोटासर भोमियाजी ||
|| की आरती ||

ॐ जय बगतावर दादो सा, श्री भोमियाजी दादो सा ।
अश्वन सवारी सोहे , काटे कष्ट पासा ।। 1

मण्डोरी कुल प्रगटे , कोटासर मांई । दादा..
पिता जवानीसिंह जी , भटियाणी जी माई ।।2
ॐ जय भोमिया जी दादो सा

छत्री वंश पड़िहार , कोटाणे के राजा ।
जो कोई ध्यावे मन से , सारे सब काजा ।। 3

वस्त्र अंग श्वेताम्बर , हाथ खड़ग धारी ।
पिळो पेच किलंगी, भगतन हितकारी ।। 4

भादो शुक्ला दशमी , धोक लगे थारे ।
जो कोई शरण में आवो , मन ईच्छा पूरे ।। 5

दूध पतासा श्रीफल , नित नित भोग लगे ।
ढोल नागड़ा बाजे, जगमग जोत जगे ।। 6

भोमियाजी दादो सा की आरती, जो कोई नित गावे ।
रचना किन्ही श्रीराधे , सब विधि सुख पावे ।। 7

लेखक रचियता श्रीराधे जोशी (हुकम)

अग्निवास ज्ञान सारिणी

पक्ष	तिथि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि
शुक्ल पक्ष	१	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	२	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	३	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	४	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	५	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	६	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	७	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	८	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	९	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	१०	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	११	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	१२	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	१३	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	१४	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	१५	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
कृष्ण पक्ष	१	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	२	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	३	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	४	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	५	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	६	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	७	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	८	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	९	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	१०	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	११	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	१२	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	१३	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	१४	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	३०	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल

!! मंगल प्रार्थना !! पं श्री राधे जोशी !!

सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ।
शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते ।।

ॐ रक्ष-रक्ष जगन्माते देवि मङ्गल चण्डिके।
हारिके विपदार्राशे हर्षमंगल कारिके।।
हर्षमंगल दक्षे च हर्षमंगल दायिके।
शुभेमंगल दक्षे च शुभेमंगल चंडिके।।
मंगले मंगलार्हे च सर्वमंगल मंगले।
सता मंगल दे देवि सर्वेषां मंगलालये।।
पूज्ये मंगलवारे च मंगलाभिष्ट देवते।
पूज्ये मंगल भूपस्य मनुवंशस्य संततम्।।
मंगलाधिष्ठात देवि मंगलाञ्च मंगले।
संसार मंगलाधारे पारे च सर्वकर्मणाम्।।
देव्याश्च मंगलंस्तोत्रं यः श्रृणोति समाहितः।
प्रति मंगलवारे च पूज्ये मंगल सुख-प्रदे।।
तन्मंगलं भवेतस्य न भवेन्तद्-मंगलम्।
वर्धते पुत्र-पौत्रश्च मंगलञ्च दिने-दिने।।
मामरक्ष रक्ष-रक्ष ॐ मंगल मंगले।
सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ।
शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते ।।

।।इति मंगलागौरी स्तोत्रं सम्पूर्ण।।

!! द्वार चौघट एवं चूल्हे का मुहूर्त !!

घर के मुख्यद्वार की चोगट चढानेमें अश्विनी, उ. ३ ह. पुष्य. श्र. मृ. स्वा. रे. रो. यह नक्षत्र शुभ है | प्रतिपदा कों करे तो दुःख होवे, द्वितीयाको धन की हानि होवे, तृतीया रोग करे, चौथ भंग करे, छठ कुलक्षय करे, दशमी धन नाश करे ॥ अमावस्या पूर्णिमा को विरोध करे, बाकी की तिथि संपूर्ण शुभ है, पंचमी धन देवें सप्तमी नोमी अष्टमी शुभ ॥ (लग्नमृद्धि) शुभग्रह केंद्र १।४।७।१० त्रिकोण ९।५ में होवे, पापग्रह ३।६।११ स्थानमें होवे और ७।१० यह स्थान ग्रह रहित होवे तब चोगट रोपणा शुभ है । शुभ वारों में श्रेष्ठ है और पंचक, त्रिपुष्कर योग, कृत्तिका नक्षत्र, सोमवार यह निषेद्ध है । (मुख्य द्वारका मास) कर्क मकर के सूर्यमें पूर्वको दरवाजा करे, तुल मेषके सू र्य में दक्षिन को करे, सिंह कुंभ के सूर्य में पश्चिम को करे और वृष वृश्चिक के सूर्य में उत्तर को द्वार करना शुभ है, यदि इस्से विपरीत करे तो मूर्ख रोग धन नाश को प्राप्त होता है और मीन धन मिथुन कन्या के सूर्य में द्वार कदा चित्त भी करना नहीं चाहिये ॥

(चूल्हेकामु.) पूर्वा रो. पुष्य उ. अश्वि. इन नक्षत्रों में पाक (रसोई) करने की सामग्री स्थापन करके चूल्हा स्थापन करना शुभ है । शनिवार को चूल्हा करे तो दरिद्र होवे, शुक्र को अन्न धन मिले, गुरु को लक्ष्मी मिले, बुध को लाभ होवे , मंगलवार को स्त्री मरे, सोम को धन नाश होवे, आदित्यवार को रोगी होवे । (चूल्ही चक्रम्) सूर्यके नक्षत्रसे ६ नक्षत्र पीठ का है सो सुख करे, च्यार शिर का मृत्यु करे, आठ बाहु का सुख करे पांच गर्भ का नाश करे फिर दो नक्षत्र हाथ का है सो भोग पदारथ करे दो पगों का है सो स्त्री नाश करे इस प्रकार चूल्ही चक्र गर्ग आदि मुनियों ने कहा है ॥

पं. श्रीराधेजी भारद्वाज

(सभार प्रमाण :- मुहूर्त प्रकाश)